मेहमान प्रवक्ताओं के आमंत्रण हेतु दिशा-निर्देश

मध्यप्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (ITI) मे रिक्त पदों के विरुद्ध प्रशिक्षण व्यवस्था हेतु मेहमान प्रवक्ताओं हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक आवेदक कौशल विकास संचालनालय के पोर्टल www.mpskills.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

1. विज्ञापन

क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय द्वारा अपने अधीनस्थ संचालित शासकीय आईटीआई से रिक्त पदों पर मेहमान प्रवक्ताओं की व्यवस्था हेतु मांग प्राप्त की जावेगी। तत्पश्चात संयुक्त संचालक कार्यालय द्वारा पोर्टल पर लॉग इन कर गेस्ट फैकल्टी मॉडयुल में "Add Vacancy" मेनु द्वारा समस्त प्राप्त रिक्त स्थानों की प्रविष्टि की जावेगी, समस्त प्रविष्टि उपरांत "Apply Roster" मेनु द्वारा प्रविष्ट की गयी सभी रिक्तियों पर **राज्य स्तरीय 100 बिंदु रोस्टर** प्रतिपादित किया जावेगा, इस हेतु रोस्टर आरम्भ बिंदु का चयन करना होगा; उदाहरणार्थ यदि गत वर्ष की रिक्तियों का रोस्टर का अंतिम बिंदु 83 था तब इस वर्ष का आरम्भ बिंदु 84 होगा। रोस्टर प्रतिपादित करने के पश्चात प्रत्येक रिक्तियों (सीट) हेतु "महिला/पुरुष" एवं दिव्यांगो हेतु हॉरिजॉन्टल आरक्षण की प्रविष्टि करना होगी।

उपरोक्त समस्त प्रविष्टियों की पुष्टि होने के उपरांत "Lock" करना होगा तथा सम्बंधित ज़ोन हेतु सम्बंधित क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय द्वारा विज्ञापन प्रकाशित किया जा सकेगा। विज्ञापन में आवेदन की आरम्भ तिथि, अंतिम तिथि एवं आवेदन सत्यापन की अंतिम तिथि का भी उल्लेख किया जावेगा। उक्त तिथियों के अनुसार सम्बंधित ज़ोन हेतु आवेदन प्रक्रिया निष्पादित की जावेगी।

2. रिक्त पदों की जानकारी

रिक्त पदों की आई.टी.आई. – वार एवं व्यवसाय – वार जानकारी कौशल विकास संचालनालय के पोर्टल www.mpskills.gov.in पर उपलब्ध है।

3. आवेदन शुल्क

ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है।

4. आयु सीमा

न्युनतम 18 वर्ष, अधिक्तम आयु सीमा का कोई बन्धन नही।

5. ऑनलाईन आवेदन कैसे प्रस्तुत करें

ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने की लिंक तथा आवेदकों की सहायता हेतु मार्गदर्शिका कौशल विकास संचालनालय के पोर्टल www.mpskills.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदक को पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन करने पर आईडी / पासवर्ड प्राप्त होगा जिसके द्वारा लॉग आवेदन भरा जा सकेगा। एक आवेदक के द्वारा केवल एक ही आवेदन मान्य किया जावेगा, आवेदन एक ज़ोन में संचालित आईटीआई के लिए किया जा सकेगा।

आवेदन हेतु आवेदक को मध्यप्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए; आवेदक द्वारा पंजीकरण करते समय श्रेणी (UR/OBC/SC/ST) एवं आवेदन में चयन की गयी अह्र्न्कारी शैक्षिणिक योग्यता (Base Qualification) के आधार पर रोस्टर अनुसार चयन (Choice Filling) हेतु रिक्तियाँ प्रदर्शित होंगी; आवेदक की एक से अधिक अह्र्न्कारी शैक्षिणिक योग्यता होने पर आवेदन को लॉक करने से पूर्व Base Qualification बदल कर Choice Filling हेतु उपलब्ध स्थान देखे जा सकते हैं; आवेदक इस हेतु पुष्टि करने के उपरांत ही आवेदन लॉक करें, लॉक करने के उपरांत किसी भी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं होगा ना ही दूसरा आवेदन भरा जा सकेगा।

6. आई.टी.आई. एवं व्यवसाय (ट्रेड) की वरीयता

मेहमान प्रवक्ताओं के चयन मे आई.टी.आई. एवं व्यवसाय का आवंटन मेरिट एवं आवेदक द्वारा दर्शित वरीयता क्रम मे शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर अनुसार किया जावेगा। ऑनलाईन आवेदन मे आवेदक को अधिकतम 15 (पन्द्रह) वरीयता क्रम मे चुनने के अवसर प्राप्त होंगे।

7. आवेदन की जाँच एवं प्रमाणीकरण

आवेदकों को ऑनलाईन आवेदन की पोर्टल से जनरेटेड प्रति एवं सम्बन्धित सह दस्तावेजों सहित **आवेदित की गयी** किसी भी शासकीय आईटीआई मे निर्धारित समयावधि में उपस्थित होकर दस्तावेजों का सत्यापन करना होगा।

आवेदकों के आवेदन सत्यापन हेतु आईटीआई के कर्मचारी (जिसे आईटीआई लॉग इन द्वारा गेस्ट फैकल्टी वेरिफिकेशन का रोल असाइन किया हो) द्वारा सत्यापन उपरांत पोर्टल मे प्रमाणीकरण की जानकारी दर्ज की जावेगी। सत्यापन हेतु आवेदकों से प्राप्त आवेदन एवं सम्बंधित सह-दस्तावेज के दो सेट प्राप्त कर ऑनलाइन आवेदन में दी गयी जानकारी का मिलान दस्तावेजों से किया जावेगा; समस्त जानकारी का मिलान होने पर आवेदन का अनुमोदन/मिलान ना होने पर रिजेक्ट पोर्टल पर (आवेदक के समक्ष ही) दर्ज किया जावेगा तथा सत्यापन अधिकारी द्वारा अपने हस्ताक्षर कर एक प्रति आवेदक को प्रदान की जावेगी।

आवेदन के प्रमाणीकरण की पुष्टि ऑनलाईन दर्ज होने पर ही पंजीकृत आवेदन मान्य होगा। अतः समस्त आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि वे ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करते समय पूर्ण सावधानी रखें एवं त्रुटीपूर्ण/असत्य जानकारी ना देवें। आवेदक द्वारा असत्य जानकारी देने की दशा मे आवेदक पर कठोर कानूनी कार्यवाही की जावेगी तथा भविष्य मे विभाग के किसी भी पद पर नियुक्ति हेतु अयोग्य घोषित कर दिया जावेगा। आवेदकों के द्वारा आवेदन मे दी गयी जानकारी के आधार पर प्रावीण्यता सूची तैयार की जावेगी।

8. वरीयता सूची का प्रकाशन

ऑनलाइन गेस्ट फैकल्टी प्रक्रिया में केवल वरीयता सूची का प्रकाशन किया जावेगा पृथक से कोई भी चयन सूची का प्रकाशन नहीं किया जावेगा। विज्ञापन अनुसार आईटीआई-वार एवं व्यवसाय-वार प्रत्येक पद हेतु वरीयता सूची (जिसमे केवल वे आवेदक होंगे जिन्होंने निर्धारित समयावधि में आवेदन का सत्यापन कराया हो) पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। आवेदक को व्यवसाय से सम्बंधित शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा/डिग्री अथवा आई.टी.आई. में से किसी एक का चुनाव करना होगा जिसके आधार पर व्यवसाय (ट्रेड) की रिक्तियाँ प्रदर्शित होंगी। चयनित योग्यता के परीक्षा परिणाम के आधार पर निम्नानुसार वरीयता सूची तैयार की जावेगी।

SN	Component	Description	Weightage
1	शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता	डिप्लोमा/डिग्रीअथवाआई.टी.आई. के प्रतिशत का पूर्णांक X 0.7	अधिकतम 70 अंक
2	अतिरिक्त योग्यता	ATI/CTI/ITW से अनुदेशक प्रशिक्षण उत्तीर्ण	3 अंक
		सम्बन्धित ब्रांच मे इंजीनियरिंग (पॉलिटेक्निक) डिप्लोमा	2 अंक
		सम्बन्धित ब्रांच मे इंजीनियरिंग स्नातक	5 अंक
3	अनुभव	NCVT/SCVT से मान्यता प्राप्त आईटीआई मे अध्यापन कार्य हेतु प्रति वर्ष 4 अंक (छः माह से कम हेतु 0 अंक)	अधिकतम 20 अंक

9. आरक्षण

- मप्र शासन द्वारा निर्धारित राज्य स्तरीय रोस्टर बिन्दु के अनुसार श्रेणीवार आरक्षण लागू होगा।
- महिला आवेदकों हेतु 30% स्थान आरक्षित होंगे।
- नि:शक्तजन हेतु 6% स्थान आरक्षित होंगे।
- रोजागार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय के परिपत्र क्रमांक DGE&T-19(12)/2010-CD दिनांक 28/09/2010 के परिपालन मे डिप्लोमा/डिग्री धारी आवेदकों के प्रत्येक संस्था के प्रत्येक ट्रेड मे 50प्रतिशत स्थान आरक्षित होंगे।

10. कार्यग्रहण

सम्बंधित क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय द्वारा प्रथम चरण, द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण के स्थानों पर कार्यग्रहण हेतु अंतिम तिथि पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी। वरीयता सूची में प्रथम स्थान के आवेदक निर्धारित तिथि तक सम्बंधित आईटीआई में आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं दो सेट छायाप्रति लेकर कार्यग्रहण हेतु उपस्थित हो सकते हैं। यदि किसी आवेदक का एक से अधिक स्थानों की वरीयता सूची में प्रथम स्थान है ऐसी दशा में वे किसी भी एक स्थान पर निर्धारित समयावधि में कार्यग्रहण कर सकते हैं, एक स्थान पर कार्यग्रहण करने पर अन्य

स्थानों पर से उनकी उम्मीदवारी समाप्त हो जावेगी तथा वरीयता क्रम में अगले आवेदक को कार्यग्रहण हेतु बुलाया जावेगा/उपस्थित होना होगा।

आवेदक ध्यान दें कि पोर्टल के द्वारा कार्यग्रहण हेतु किसी भी प्रकार की सूचना ई-मेल/एसएमएस/फोन कॉल द्वारा नहीं भेजी जावेगी अतः आवेदक को स्वयं ही पोर्टल पर वरीयता सूची अनुसार कार्यग्रहण हेतु उपस्थित होना होगा। प्रथम चरण में वरीयता क्रमानुसार सम्बंधित आवेदक द्वारा कार्यग्रहण ना करने पर अगले चरण में अगले आवेदक को कार्यग्रहण हेतु बुलाया जावेगा/उपस्थित होना होगा।

तीनो चरणों के उपरांत भी स्थान रिक्त होने की दशा में आईटीआई द्वारा वरीयता सूची के आवेदकों को क्रमानुसार कार्यग्रहण हेतु आमंत्रित किया जा सकेगा।

कार्यग्रहण किये आवेदकों द्वारा त्यागपत्र देने की दशा में वरीयता सूची से आवेदकों को क्रमानुसार कार्यग्रहण हेतु आमंत्रित किया जा सकेगा। सम्बंधित क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय द्वारा अगले विज्ञापन जारी किये जाने तक वर्तमान विज्ञापन की प्रक्रिया में आवेदित आवेदकों की वरीयता सूची मान्य होगी तथा सम्बंधित आईटीआई द्वारा आवश्यकतानुसार वरीयता सूची के आवेदकों को क्रमानुसार कार्यग्रहण हेतु आमंत्रित किया जा सकेगा।

आईटीआई में आवेदकों के कार्यग्रहण की जानकारी आईटीआई के लॉग इन द्वारा पोर्टल पर दर्ज की जावेगी; इस हेतु प्राचार्य/संस्था प्रमुख को किसी भी **<u>एक</u>** कर्मचारी को नामांकित किया जावेगा; नामंकित कर्मचारी द्वारा आवेदकों के आवेदन एवं सम्बंधित दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से परीक्षण कर एक सेट छायाप्रति आईटीआई में जमा कर पोर्टल पर आईटीआई के लॉग इन से गेस्ट फैकल्टी मॉडयुल में रोस्टर अनुसार कार्यग्रहण की सूचना (आवेदक के समक्ष ही) दर्ज की जावेगी।

<u>आईटीआई में स्थानान्तरण/नवीन पदस्थापना तथा अन्य कारणों से विज्ञापन में दिए पद भरा सकते हैं, अतः वरीयता सूची के आवेदक सूची प्रकाशन के पश्चात सम्बंधित आईटीआई में समयसीमा में उपस्थित होकर इस बावत पुष्टि कर लेवें कि पद रिक्त है अथवा नहीं, पद रिक्त ना होने पर वरीयता अनुसार अन्य आईटीआई से संपर्क कर कार्यग्रहण करें।</u>

11. मानदेय

a. रिसोर्स पर्सन के पद हेतु रु 80/- प्रति घंटा, अधिकतम रु 7,200/- प्रतिमाह

b. ट्रेड एवं ड्राइंग/गणित के पद हेतु रु 110/- प्रति घंटा, अधिकतम रु 10,000/- प्रतिमाह

12. कार्य अवधि

अधिकतम 11 माह अथवा सत्र समाप्ति तक अथवा नियमित पदस्थापना/स्थानान्तरण अथवा अन्य शासकीय कारणों से पद भरे जाने तक।

*Download Mobile App **KOUSHALAM** for locating ITIs, Latest Notices, Orders, Circulars, and Trades Running in ITIs, Staff Details & much more...*

कौशलम
Directorate of Skill Development | Madhya Pradesh

ANDROID APP ON Google play